**SITAPUR POLICE**

**"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"**

# प्रेस नोट- जनपद सीतापुर

## चोरी की घटनाओं का अनावरण, कुल 15,800/-रु. व 04 ई-रिक्शा बैटरी सहित 03 शातिर चोर गिरफ्तार

**दिनांकः-16.08.2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद सीतापुर में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षकगण को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी महोदय श्री आलोक सिंह के पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के नेतृत्व में थाना हरगांव व सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर चोरी/नकबजनी जैसी 03 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए संलिप्त 03 अभियुक्तों 1.जसवन्त पुत्र मथुरा प्रसाद नि0 ग्राम टिपोना थाना मिश्रित जनपद सीतापुर, 2.रमेश पुत्र स्व0 रामदयाल नि0 ग्राम टिपोना थाना मिश्रित जनपद सीतापुर, 3.जान मोहम्मद उर्फ सलमान पुत्र असरफ अली नि0 हाल पता ग्राम फुलवरिया मिश्रित रोड थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर मूल पता चाँदपुर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर को लहरपुर हरगांव मार्ग पर कौरैय्या पुल के से गिरफ्तार किया गया है। जिनसे चोरी से सम्बन्धित माल **कुल 15800 रूपये , 04 अदद ई – रिक्शा की बैटरी, एक अदद घटना में प्रयुक्त वाहन डाला/छोटा हाथी UP 34 AT 2102 बरामद** हुए है। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में स्वीकार किया गया कि वे तीनों मिलकर खड़े ई-रिक्शा चोरी कर सुनसान स्थानों पर उनकी बैटरियां निकालकर चालकों व कबाड़ियों को बेच देते थे; उन्होंने 7-8 दिन पूर्व CHC हरगांव से चोरी सफेद ई-रिक्शा की 4 बैटरियों में से 2 बैटरियां लखीमपुर के पास बेच दी थीं और 2 शेष थीं, 13.08.2026 को हरगांव रेलवे ओवरब्रिज के पास से चोरी काले ई-रिक्शा की 4 बैटरियों में से 2 बैटरियां पास रखीं (जबकि वाहन में मिला मोबाइल रास्ते में फेंक दिया था), तथा जुलाई माह में बरियाडीह गांव के पास से चोरी single बैटरी को डाला (छोटा हाथी) वाहन से ले जाकर में बेच दिया था, जबकि अन्य 4 बैटरियां लखीमपुर के पास में बेची थीं। घटनाओं के संबंध में मु0अ0स0 294/26 धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0स0 327/26 धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0स0 334/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना हरगांव जनपद सीतापुर पंजीकृत हैं। अभियुक्तगण उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.जसवन्त पुत्र मथुरा प्रसाद नि0 ग्राम टिपोना थाना मिश्रित जनपद सीतापुर,

2.रमेश पुत्र स्व0 रामदयाल नि0 ग्राम टिपोना थाना मिश्रित जनपद सीतापुर,

3.जान मोहम्मद उर्फ सलमान पुत्र असरफ अली नि0 हाल पता ग्राम फुलवरिया मिश्रित रोड थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर मूल पता चाँदपुर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर

**पंजीकृत अभियोग :-**

1. मु0अ0स0 294/26 धारा 303(2) बीएनएस, थाना हरगांव जनपद सीतापुर
2. मु0अ0स0 327/26 धारा 303(2) बीएनएस, थाना हरगांव जनपद सीतापुर
3. मु0अ0स0 334/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना हरगांव जनपद सीतापुर

**बरामदगी का विवरण :-** कुल 15800 रूपये , 04 अदद ई – रिक्शा की बैटरी, एक अदद घटना में प्रयुक्त वाहन डाला/ छोटा हाथी UP 34 AT 2102

**गिरफ्तार करने वाली टीम :-**

1.उ0नि0 जयराम पाण्डेय
2. उ0नि0 ऋषभ यादव
3. उ0नि0 विकास यादव
4. का0 अर्पित कुमार
5. का0 मनीष राणा
6. रि0का0 शिवम सिह
7. उ0नि0 विकास यादव
8. हे0का0 रवि पाठक
9. हे0का0 मनीष मिश्रा
10. का0 देवेश मामराज
11. हे0का0 बल्देव सिंह क्राइम टीम अ०पु०अ० उत्तरी सीतापुर
12.हे0का0 रोहित तोमर क्राइम टीम अ०पु०अ० उत्तरी सीतापुर
13.हे0का0 अनुज कुमार क्राइम टीम अ०पु०अ० उत्तरी सीतापुर
14.हे0का0 ब्रजनाथ द्विवेदी क्राइम टीम अ०पु०अ० उत्तरी सीतापुर
15. का0 भूपेन्द्र राणा क्राइम टीम अ०पु०अ० उत्तरी सीतापुर
16. का0 कपिल कुमार क्राइम टीम अ०पु०अ० उत्तरी सीतापुर




उत्तर प्रदेश पुलिस